भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
08.02.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1076 का उत्तर

राजकोट रेलवे मंडल पर आरओबी/आरयूबी

1076. श्री मोहनभाई कुंडारिया:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सेतु भारतम परियोजना के अंतर्गत समपार के स्थान पर आरओबी और आरयूबी के निर्माण के लिए राजकोट रेलवे मण्डल के कई प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी के पास मंजूरी के लिए पहुंचे हैं, जो ठंडे बस्ते में हैं;

(ख) यदि हां, तो कितने आरओबी और आरयूबी के निर्माण को मंजूरी दी गई है;

(ग) यदि नहीं, तो इसे कब तक मंजूरी दिए जाने की संभावना है; और

(घ) इस संबंध में अब तक कितनी निधि स्वीकृत और जारी की गई है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्िएनी वैष्णव)

(क) से (घ): रेल मंत्रालय की कोई सेतु भारतम परियोजना नहीं है । रेलवे की मौजूदा नीति के अनुसार, सड़क का स्वामित्व रखने वाला प्राधिकरण (अर्थात सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच)/राज्य सरकार) किसी भी ऐसी परियोजना के तहत अपनी प्राथमिकता के अनुसार अपनी लागत पर ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल (आरओबी/आरयूबी) का निर्माण कर सकते हैं।

****